डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 283 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 27 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया




दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे : पेट का पानी नहीं, पूरा आदमी हिल रहा...

## वाहनों को लग रहे झटके, दावों की खुल रही पोल

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो पीडब्ल्यूडी की सड़कें हो या नपा की सड़कें, घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार के आरोप कई बार लगते हैं। लेकिन, दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे जैसे ड्रिम प्रोजेक्ट निर्माण में खामियां उभरकर सामने आ रही है। वादा था पेट का पानी नहीं हिलेगा, लेकिन पूरा आदमी हिल रहा है। वाहन यहां झटके खा रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री ने किए थे दावे–**एक्सप्रेस वे को 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया और इसी आधार पर दिल्ली से मुंबई की दूरी आधे समय में तय करने के दावे हो रहे हैं। ये रफ्तार रोड की खराबी के कारण जानलेवा हो सकती है। वैसे तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अगस्त 2021 में जावरा आए थे तब उन्होंने 170 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से टेस्ट ड्राइव ली और बोनट पर पानी का ग्लास रखकर बोले ने थे, रोड ऐसा बना है कि पेट का पानी नहीं हिलेगा। बता दें कि मप्र के हिस्से में रोड चालू हुए अभी सालभर भी पूरा नहीं हुआ और कई जगह ऊंचा–नीचा होने की स्थिति वाली समस्या उभर गई। पुलियाओं के दोनों छोर पर सीमेंट-कांक्रीट स्लेब से लगा डामर वाला हिस्सा नीचे बैठ गया। इससे वाहनों को झटके लग रहे हैं।

**डामर बैठा, वाहन खा रहे झटके–**गरोठ से जावरा और जावरा से रतलाम तक एक्सप्रेस-वे पर तक के सफर में निर्माण की पोल खुल रही है। जावरा से 15-20 किमी दूर मंदसौर तरफ 2-3 पुलिया के छोर पर वाहन झटके खा रहे हैं। गरोठ व जावरा के बीच चंबल नदी जहां क्रॉस कर रही है, वहां सबसे ज्यादा खतरा है। यहां तो वाहन उछल रहे, क्योंकि पुलिया के छोर पर डामर बैठ गया। वहीं एक तरफ की पट्टी पर 4 में से बीच वाली जिस पंक्ति में सबसे ज्यादा वाहन निकल रहे, वहां रोड नीचे बैठ गया। बीच में डामर उभर रहा है। इससे वाहन हिलोरे ले रहे हैं। यानी ऊंचा–नीचा होने की समस्या के कारण वाहन लहरा रहे हैं।

**एक लाख करोड़ से ज्यादा का है प्रोजेक्ट–**एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से यह 1386 किलोमीटर लंबा एक्सेस कंट्रोल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनाया जा रहा है। अभी गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान तरफ कई हिस्सों में काम बाकी है। लेकिन, मध्यप्रदेश में 245 किलोमीटर एक्सप्रेस- वे बनकर तैयार हो गया इसलिए इसे 20 सितंबर 2023 को ही आवागमन के लिए खोल दिया था। यहां विभिन्न कंपनियों ने अलग-अलग पैकेज में काम किया है। जावरा क्षेत्र में ग्रिल और जीएचवी ने इसका निर्माण किया। बाकी हिस्सों में अन्य कंपनियां बनाकर गई। इनमें से कई कंपनियों ने जल्दबाजी में सबसे पहले काम पूरा करने का श्रेय लेकर एक्सप्रेस-वे तो बना दिया लेकिन अब इसकी हकीकत सामने आ रही है।

**कॉम्पेक्शन नहीं होने से आ रही एसी समस्या–**विशेषज्ञों की माने तो डामर से पहले बेस तैयार करते वक्त सही कॉम्पेक्शन (दबाव) नहीं होने से बाद में मिट्टी, मुरम सेटल होकर रोड बैठता है। नेचरूल कॉम्पेक्शन के लिए ज्यादा समय चाहिए जो बड़े प्रोजेक्ट में संभव नहीं। टाइम लिमिट प्रोजेक्ट में मशीनरी उपयोग कर कॉम्पेक्शन करना होता है। फिर भी कहीं सेटमलेट हो तो तत्काल नई लेयर चढ़ाकर सही करना निर्माता कंपनियों की जिम्मेदारी है। वे मॉनिटरिंग व ड्राइव कर चेक करें और अंडुलेशन (ऊंचा–नीचा) होते ही सही करें, ये उनकी सर्विस का हिस्सा है। यदि वे ऐसा नहीं कर रही तो ये सेवा में कमी है। ऐसी लापरवाही से जो वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते, वे क्लेम कर सकते हैं।




दो वर्ष से अधिक समय हो गया, कोई नहीं कर सका सरकारी रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना...

# कलेक्टर साहिबा..! बड़े अस्पताल में दो वर्ष से रेडियोलॉजिस्ट नहीं

### नवागत कलेक्टर अदिति गर्ग पदस्थ थी स्वास्थ्य सेवाएं में, उनसे है अब उम्मीद

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जून 2022 के बाद से ही बड़े अस्पताल में सोनोग्राफी सेंटर पर ताले लटके हुए है। दो वर्ष से अधिक का समय बीत गया है, लेकिन कोई भी अपने स्तर पर सरकारी रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना नहीं करवा सका है। बड़े अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 600 से 700 मरीज आते हैं। अनेक लोगों को पेट संबंधी बीमारी होने के चलते सोनोग्राफी की जरूरत होती है, लेकिन अस्पताल में सेंटर पर ताले लटके होने से बाहर निजी पैथोलॉजी में 800 से एक हजार रूपए खर्च कर सोनोग्राफी करवाना पड़ रही है। वैसे, इसकी जानकारी सभी को है, लेकिन दो वर्ष से अधिक समय होने के बाद लापरवाही चरम पर है, ऐसा भी कहा जा सकता है। वर्तमान में कलेक्टर दिलीप यादव का तबादला होने के बाद उनके स्थान पर सुश्री अदिति गर्ग को मंदसौर का कलेक्टर बनाया गया है। चूंकि नवागत कलेक्टर सुश्री गर्ग वर्तमान में भोपाल में स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में संचालक के पद पर तैनात रहीं थी। ऐसे में अब उनके आने के बाद मंदसौरवासियों को उम्मीद है कि वे बड़े अस्पताल में सरकारी रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना करवा सकेंगी। रेडियोलॉजिस्ट के इस मसले पर वैसे जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी–अपनी भूमिकाओं का निर्वहन किया है, लेकिन दो वर्ष से अधिक समय बीतने से यह समस्या भी दुभर हो गई है।**

बड़े अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी वैसे तो रेडियोलॉजिस्ट की पोस्ट रिक्त होने पर समय–समय पर भोपाल स्तर पर पत्राचार करते रहते हैं। यह पत्र कहां, जाते हैं समझ से परे हो गया है। सोनोग्राफी सेंटर पर ताले लटके रहने के छह महीने बाद एक निजी रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती सेवाओं के तौर पर कराई गई थी, लेकिन वे भी अल्प समय में सेवाएं देते हुए रवाना हो गए। इस बीच कुछ महीने पूर्व एक महिला रेडियोलॉजिस्ट ने भी निजी तौर पर सेवाएं देने के लिए इच्छा जाहिर की। उन्होंने भी कुछ समय तक सोनोग्राफी करते हुए सेवाएं दी है। इसके बाद वे भी आगे सेवाएं नहीं दे सकी। यानी दो वर्ष में दो बार सोनोग्राफी सेंटर के बंद ताले जरूर खुले, लेकिन यह अल्प समय के लिए रहे। हालत यह है कि ताले लटके हुए हैं। यह गंभीर जनसमस्या अभी तक हल नहीं पाई है।

**50 से 60 सोनोग्राफी के रोज आते हैं मरीज–**यहां यह बताना जरूरी है कि बड़े अस्पताल में 50 से 60 मरीज ऐसे होते हैं, जिनकी सोनोग्राफी करना जरूरी होती है। यानी इसकी जांच के बाद ही मर्ज सामने आता है और दवाएं चालू की जा सकती है। सोनोग्राफी सेंटर पर दो वर्ष से अधिक समय से ताले लटके होने पर इन मरीजों को बाहर जाकर निजी सोनो सेंटर पर जाकर जांच करवाना पड़ रही है। एक तरह से यह मजबूरी है, जो अब आदत में बदलती जा रही है।

**करीब 50 हजार रोज की आवक–**बड़े अस्पताल में सोनोग्राफी सेंटर पर ताले लटके व सेंटर बंद रहने से मरीजों की संख्या पर गौर करें तो करीब 50 हजार रूपए रोज की आवक निजी सेंटरों पर हो रही है। यानी एक सोनोग्राफी के 800 से एक हजार रूपए तक खर्च करना पड़ते हैं। ऐसे में यह भी समझा जा सकता है कि, रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना दो वर्ष से क्यों अटकी हुई है।

**गरीबों की सबसे ज्यादा फजीहत, जेब हो रही ढीली–**यहां यह बताना भी जरूरी है कि बड़े अस्पताल में अधिकतर गरीब वर्ग के लोग ही इलाज कराने आते हैं। यानी सोनोग्राफी सेंटर पर ताले लटके होने से सबसे ज्यादा गरीब लोगों की ही फजीहत हो रही है, उन्हें मजबूरी में अन्यंत्र जगहों से राशि एकत्र कर निजी तौर पर जांच करना पड़ रही है। हालांकि, मेटरनिटी वार्ड में भर्ती प्रसूता महिलाओं की सोनोग्राफी वहां पदस्थ डॉक्टरों द्वारा की जाती है। यानी मेटरनिटी वार्ड में सोनोग्राफी के अलावा जनरल सोनोग्राफी नहीं हो पा रही है।

**मेडिकल कॉलेज के डीन ने भी किए हैं भरसक प्रयास–**बताते हैं कि मेडिकल कॉलेज मंदसौर में खुल गया है। यहां पर कार्य अभी चल रहा है। फेकल्टी की नियुक्तियां हुई है, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त नहीं हो पाया है। मेडिकल कॉलेज डीन शशि मारू ने भी अपने स्तपर पर प्रयास किए हैं कि बड़े अस्पताल में एक रेडियोलॉजिस्ट कम से कम मिल जाए, जिससे सोनोग्राफी सेंटर चालू हो सकें। लेकिन, स्थिति यह है कि मेडिकल कॉलेज में भी रेडियोलॉजिस्ट अभी नहीं आ पाया है।

**100 फेकल्टी की फिर से प्रक्रिया–**मेडिकल कॉलेज की मान्यता भी उलझन में है। एमएनसी की जांच में मंजूरी अटकी हुई है। पूर्व में 150 पोस्ट के लिए पत्राचार हुआ था। अब 100 के लिए पत्राचार हुआ है। माना जा रहा है कि एक बार फिर से मंदसौर में आकर एमएनसी की टीम निरीक्षण करेगी। इसके बाद मान्यता पर निर्णय लिया जाएगा।

**सोनोग्राफी बड़े अस्पताल में हो जाती तो यह केस नहीं होता–**बता दें कि कुछ महीने पूर्व निजी सोनोग्राफी सेंटर पर एक युवती जांच कराने आई थी, तब डॉक्टर पर आरोप लगा था कि उन्होंने छेड़छाड़ की है। यह युवती पहले बड़े अस्पताल में ही इलाज हेतु आई थी, लेकिन बड़े अस्पताल में सोनोग्राफी सेंटर पर ताला लटके होने से निजी सेंटर का सहारा लेना पड़ा था। यदि बड़े अस्पताल में ही सोनोग्राफी सेंटर चालू रहना यानि रेडियोलॉजिस्ट रहते तो यह केस नहीं होता।

**जून 2022 में डॉ. विकास शर्मा ने दिया था इस्तीफा, तब से कोई नहीं आया–**पूर्व में बड़े अस्पताल में डॉक्टर अग्रवाल रेडियोलॉजिस्ट की भूमिका में थे। उनके नौकरी छोड़े जाने के बाद डॉ. विकास शर्मा द्वारा रेडियोलॉजिस्ट की भूमिका निभाई जाने लगी। जून 2022 में डॉ. विकास शर्मा ने भी त्यागपत्र दे दिया। तब से रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त नहीं हो पाया है।

**इनका कहना–**रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना के लिए हमने अपने स्तर पर अनेकों पत्र लिखे हैं। भर्ती प्रसूताओं की सोनोग्राफी जरूर होती है, लेकिन जनरल सोनोग्राफी नहीं हो रही है। रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से यह स्थिति है। मेडिकल कॉलेज में भी अभी रेडियोलॉजिस्ट नहीं आ पाया है। हम हमारे स्तर पर प्रयासरत रहते हैं।

**डॉ. अरविन्द वर्मा, प्रबंधक, जिला अस्पताल, मंदसौर**




शहर के हर कोने में दुकानें रही बंद, प्रार्थना रैली निकाली, दालबाटी चूरमा का लगाया भोग...

# अच्छी वर्षा के लिए सवा दो लाख शहरवासियों ने मनाई महाउज्जैयिनी





**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बारिश की खेंच से हर कोई चिंतित है। टोने टोटकों के साथ शहर में महाउज्जैयिनी मनाना शुक्रवार को रखा गया। बारिश की कामना के लिए सर्वधर्म समाज के आह्वान पर शुक्रवार को उज्जैयिनी का आयोजन किया गया। इसके चलते पूरा मंदसौर शहर बंद रहा। यहां सुबह से एक भी दुकान नहीं खुली। ऐसे में शहर के सभी लोग खेत खलिहान, पिकनिक स्पॉट पर परिवार सहित पहुंचे और खुले आसमान के नीचे दालबाटी चूरमा बनाकर भगवान को भोग लगाकर जिले सहित पूरे मालवांचल में प्रचुर बारिश की कामना की गई। इसके अलावा एक प्रार्थना रैली भी निकाली गई। गौरतलब है कि जिले में कई दिनों से बारिश नहीं हो रही है, जबकि प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात है। वहीं मंदसौर जिले में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति को देखते हुए पिछले दिनों नगर पालिका सभा हाल में सर्व समाज द्वारा बैठक के बाद 26 जुलाई को महाउज्जैयिनी मानने का निर्णय लिया गया था। लिहाजा आज नगर वासियों ने पूरा नगर बन्द रख उज्जैयिनी मनाई और इंद्रदेव से प्रचुर बारिश कराने प्रार्थना की।

सुबह गांधी चौराहा पर स्थित विश्वपति शिवालय मंदिर में सभी धर्म के प्रमुख गण एकत्र हुए और भगवान की पूजन अर्चन और महाआरती के बाद सर्वधर्म प्रार्थना रैली का शुभारंभ हुआ। विश्वपति शिवालय मंदिर में शुभारंभ पूजन के समय ऋषिकेश के पूज्य संत जो केशव सत्संग भवन में चतुर्मासिक प्रवचन के लिए पधारे हैं, पूज्य स्वामी श्री आत्म स्वरूपानंदजी महाराज, भागवताचार्य पंडित मिथिलेश नागर, पंडित दशरथ भाई शर्मा, पंडित विष्णु शर्मा, किन्नर गुरू अनिता दीदी, सेंट थॉमस स्कूल के फादर, मंदसौर विधायक विपिन जैन, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया आदि उपस्थित थे। यहां से श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर और श्री खड़े बालाजी मंदिर में दर्शन एवं नारियल भेंट कर सर्वधर्म प्रार्थना रैली का कारवां आगे बढ़ा। प्रार्थना रैली में बड़ी संख्या में शहरवासी श्रद्धापूर्वक... शेष पेज 4 पर

### स्कूल, कॉलेज, परिवहन सेवाएं, सब बंद...

महाउज्जैयिनी और सर्वधर्म प्रार्थना रैली के आयोजन के ही अंतर्गत आयोजन समिति द्वारा नगर के समस्त व्यापारिक संगठनों से अपना व्यापार व्यवसाय बंद रखने का भी आव्हान किया गया था जिसका प्रभाव महाउज्जैयिनी में देखा गया। पूरा शहर बंद था। प्रमुख बाजारों की दुकानें सुबह से ही बंद रही स्कूल कॉलेज, परिवहन सेवाएं, पेट्रोल पंप और अन्य आवश्यक सेवाएं भी स्थगित रही।

### समूहों के रूप में मनाई गई उज्जैयिनी...

सर्वधर्म प्रार्थना रैली के बाद नगर के सुदूर क्षेत्र आसपास के खेत खलिहानों सार्वजनिक खुले स्थान सामाजिक स्थलों पर महाउज्जैयिनी मनाने का भी क्रम चल रहा। अलग-अलग समूह में शहरवासियों ने उज्जैयिनी मनाई। खुले में कंडो का धुआं कर लड्डूबाटी बनाई गई भगवान को नैवेद्य लगाकर प्रचुर वर्षा की कामना की गई, शहर में महाउज्जैयिनी का बड़ा ही जबरदस्त वातावरण देखा गया। लगभग सभी क्षेत्रों में महाउज्जैयिनी मनाई गई।

मामला जमीन का भराव के लिए चोरी की मिट्टी का उपयोग करने पर नोटिस देने का...

# मिट्टी की रॉयल्टी एक लाख 44 हजार 500 रू, नोटिस का जवाब नहीं देने पर 43 लाख 35 हजार का जुर्माना प्रस्तावित

### विजय पाटीदार बोले-खनिज अधिकारी पर दर्ज कराऊंगा मानहानि का मुकदमा

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. विजय पाटीदार सहित तीन को खनिज विभाग द्वारा नोटिस देने की बात बताई गई है। यह भी मालूम हुआ है कि पंद्रह दिन के भीतर जवाब नहीं देने पर 43 लाख 35 हजार का जुर्माना देना होगा। मामला पेट्रोल पंप की जमीन का भराव करने के लिए चोरी की गई मिट्टी का है। अवैध रूप से मिट्टी लेकर भराव किया गया। इस मामले में तत्कालीन कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को विभाग ने रिपोर्ट पेश की थी। इसके बाद कार्रवाई की गई। इधर विजय पाटीदार का कहना है कि मुझे कोई नोटिस नहीं दिया गया है। इस मामले में उन्होंने खनिज अधिकारी पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की बात कहीं है।

**यह है मामला–**खनिज अधिकारी ने पाया कि गांव चिरमोलिया तहसील मंदसौर सर्वे क्रमांक 259 पर पेट्रोल का निर्माण हो रहा है। यह जमीन विजय पिता राधेश्याम पाटीदार और आदर्श कुमार की है। इस जमीन पर ईश्वरदास बैरागी पेट्रोल पंप बना रहा है। पेट्रोल पंप की जमीन का भराव करने में चोरी की मिट्टी का उपयोग किया। 12 जुलाई को मैंने टीम के साथ जाकर जांच की। जिसमें सामने आया कि यहां पर 2 हजार 890 घन मीटर मिट्टी अवैध रूप से यानी करीब 250 डंपर चोरी कर भराव किया गया है।

**प्रकरण पंजीबद्ध कर की रिपोर्ट पेश–**कलेक्टर ने ईश्वरदास बैरागी निवासी अफजलपुर, आदर्श कुमार और डॉ. पाटीदार दोनों निवासी गुराडिया प्रताप पर खनिज विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मिट्टी की रायल्टी 1 लाख 44 हजार 500 रुपए होती है। मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के नियम 18 के उपनियम 2 के अनुसार रायल्टी राशि का 15 गुना और 15 गुना पर्यावरण क्षतिपूर्ति यानि 43 लाख 35 हजार प्रस्तावित की है। डॉ. पाटीदार की पत्नी भाजपा समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष है। पिता राधेश्याम पाटीदार भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक है।

**यह कहा विजय पाटीदार ने–**डॉ. विजय पाटीदार ने बताया कि मीडिया के माध्यम से मुझे यह ज्ञात हुआ है कि इस संबंध में मुझे आज दिनांक तक खनिज विभाग का कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। मैंने ग्राम चिरमोलिया में स्थित उक्त सर्वे नंबर में से 0.1225 हेक्टेयर भूमि ईश्वरदास बैरागी निवासी चिरमोलिया को दिनांक 6 मार्च 2024 को 14 साल 11 महीनों हेतु बायोडीजल पंप लगाने के लिए प्रतिमाह तय किराए पर लीज पर दे रखी है, जिसकी बकायदा मंदसौर पंजीयन कार्यालय पर लीज रजिस्ट्री भी कराई गई है। प्रभारी जिला खनिज अधिकारी भावना सेंगर द्वारा की गई यह कार्रवाई मेरी छवि को धूमिल करने हेतु दुर्भावना पूर्वक की गई है। उन्होंने कहा कि मैं प्रभारी जिला खनिज अधिकारी भावना सेंगर, एक समाचार पत्र के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराऊंगा।

मामला दो किलो अफीम बरामदगी का...

## दो दिन बाद पहुंची आठ किलो मीटर दूर स्थित झार्डा चौकी में केस डायरी

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना पुलिस द्वारा दो किलो अफीम बरामदगी के मामले में केस डायरी दो बाद बाद झार्डा चौकी तक पहुंची है। महज आठ किलोमीटर का सफर करने में केस डायरी को दो दिन लग गए। आरोपी युवक अफीम कहां से लाया था और कहां देने जा रहा था, इसके भी अते–पते नहीं है। बता दें कि पूर्व में भी केस डायरी पहुंचने में लम्बा समय बीता था। ऐसे में कहा जा सकता है कि कछुए की चाल चली गई है। बता दें कि थाना के उपनिरीक्षक भारत भाबर को मुखबीर सूचना मिली थी, जिस पर उन्होंने निरीक्षक अनिल रघुवंशी के नॉलेज में लाते हुए टीम गठित करवाई। टीम ने नारायणगढ़–मूंदेड़ी रोड पर दबिश देते हुए एक युवक को उठाया, जिसके कब्जे से दो किलो अफीम मिलना बताया गया है। मामले में जांच झार्डा चौकी प्रभारी मनोज गर्ग कर रहे हैं, जिनके अनुसार शुक्रवार को जांच डायरी मिली है। जिस युवक प्रेमचंद पिता हीरालाल मालवीय निवासी ग्राम झिरमिरा थाना खाचरोद से दो किलो अफीम बरामद करना बताया गया है, वह खाचरौद से मंदसौर आकर कहां–कहां गया था, और किस किसके संपर्क में रहा, इसकी जांच भी जरूरी मानी जा रही है।

## खुलासा : मृतका के पास पति का आया था फोन, कहा था कुलदीप के साथ हूं, और वह पकड़ा गया

### हत्यारा अपने पिता की मौत का कारण मानता था मृतका को, बेल्ट से घोंटा गला

**दलौदा, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** 24 जुलाई को ग्राम आक्या उमाहेड़ा के समीप झाड़ियों में महिला गट्टूबाई का शव मिला था। उसे गला घोंट कर मारा गया था। पतारसी के बाद पुलिस ने महिला के हत्यारे को दबोच लिया है। दो बाद बाद शुक्रवार को मंदसौर में हुई प्रेसवार्ता में मर्डर का खुलासा किया। मामले में 24 जुलाई की देर शाम करीब 7.30 बजे महिला के घर धमनार नहीं पहुंचने पर उसके पति ने फोन किया था, तब महिला ने बताया था कि वह पड़ोस के ही कुलदीप के साथ है और दलौदा में कार्य निपटाकर कुलदीप के साथ आ जाउंगी। बस इसी फोन से हत्यारा जल्द खोज लिया गया। पति ने कुलदीप के विषय में बताते ही पुलिस ने उसे उठाया और पूछताछ शुरु की। सख्ती से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूला और कहा कि उसने बेल्ट से महिला गट्टूबाई का गला घोंटकर मौत के घाट उतारा है। कारण पूछने पर बताया कि वह मृतका को अपने पिता की मौत का कारण मानता है, इसलिए उसने उसे मार डाला।



पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने प्रेसवार्ता में बताया कि आक्या से उमाहेडा रोड पर 24 जुलाई को एक महिला का शव मिला, जिसकी शिनाख्त गट्टूबाई पति टेकचन्द सूर्यवंशी 50 साल निवासी ग्राम धमनार थाना दलौदा के रूप में की गई। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु की। मृतिका .... शेष पेज 4 पर

मामला दो क्विंटल 49 किलो डोडा चूरा बरामदगी का...

## संजय और सुनील दो ही आरोपी बने, पूछताछ जारी

**सीतामऊ, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाना पुलिस ने एक्सप्रेस वे पर तेज गति से दौड़ रही क्रेटा कार को पकड़ लिया था, जिसमें दो क्विंटल 49 किलो डोडा चूरा मिलना बताया गया। मामले में मौके से संजय विश्नोई जोधपुर को पकड़ा, जिसके बताने पर खेड़ा के सुनील भाटी को भी गिरफ्तार किया गया। सुनील ने डोडा चूरा संजय को थमाया था। अभी तक मामले में संजय और सुनील आरोपी बने हैं, जो 29 जुलाई तक रिमांड पर हैं। रिमांड अवधि में इनसे पूछताछ की जा रही है। कड़ी से कड़ी जोड़कर देखा जा रहा है। क्रेटा कार बिना नंबर की है, ऐसे में इसके मालिक की भी तलाश की जा रही है। बता दें कि सीतामऊ थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन मालवीय ने साताखेड़ी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम व्यास के साथ टीम गठित की। घेराबंदी कर आरोपी संजय कुमार पिता विरबलराम विश्नोई 24 साल निवासी जौधपुर को दबोचा। वह बिना नम्बर की सफेद क्रेटा कार में प्लास्टिक के 10 कट्टों 249 किलो डोडा चूरा ले जा रहा था। आरोपी संजय ने एक और आरोपी सुनिल पिता रामेश्वर भाटी निवासी ग्राम खेड़ा थाना सीतामऊ का नाम लिया, जिससे वह डोडा चूरा लाया था। वे 29 जुलाई तक रिमांड पर है, इस अवधि में यह प्रयास किया जा रहा है कि संजय विश्नोई यह डोडा चूरा कहां लेकर जाने वाला था और किसके लिए ले जा रहा था।

### बाईक की टक्कर से दंपति चोटिल

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के स्टेशन रोड पर शांतिराज अस्पताल के आगे बाईक की टक्कर से दंपति चोटिल हो गए। शुक्रवार दोपहर में हुई दुर्घटना में महिला को ज्यादा चोट आई है। चौकी पुलिस के अनुसार महिला आशा सेवलदानी और उसका पति ओमप्रकाश सेवलदासानी निवासी चक्रवर्ती कॉलोनी अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे, तब एक बाईक चालक ने टक्कर मार दी। इससे महिला आशा घायल हुई हैं, जिसे बड़े अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया।

### छाए रहे बादल, बारिश का रहा इंतजार

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को आसमान पर बादल छाए रहे। हालांकि बारिश का इंतजार रहा। गर्मी का असर नहीं महसूस किया गया। इसके पहले लंबे समय बाद जिले में गुरुवार को करीब एक घंटा तेज बारिश हुई। इससे जिला तरबतर हो गया। इस बारिश से शहर के निचले इलाकों में पानी का जमाव शुरू हो गया। धानमंडी स्थित पंप हाउस से बारिश का पानी पंप के सहारे शिवना नदी में छोड़ा गया। पिछले 24 घंटों में जिले में 1.69 इंच बारिश दर्ज की गई है। औसत बारिश का आंकड़ा बढ़कर अब 10.39 इंच हो गया है। वहीं अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज भी जिले में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम जानकारों के अनुसार सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मानसून ट्रफ ग्वालियर से होकर गुजर रही है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन वेस्ट यूपी के ऊपर है। अगले एक-दो दिन में सिस्टम कमजोर होगा। आज निवाड़ी, टीकमगढ़, सीहोर, रायसेन, खरगोन, खंडवा समेत 12 जिलों में भारी जबकि 10 जिलों में तेज बारिश हो सकती है।

## दलौदा पब्लिक स्कूल में कारगिल दिवस मनाया

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में दलोदा पब्लिक स्कूल मे कारगिल दिवस के उपलक्ष पर 'जो लौट के घर ना आए' कार्यक्रम का आयोजन किया गया ! कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों की देख-रेख में विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक शहीद के घर में युद्ध के पहले और बाद की स्थितियों का नाटक के द्वारा मंचन किया गया। इस अवसर पर भौतिकी प्रवक्ता प्रदीप सिंह ने बच्चों को कारगिल विजय दिवस का महत्व बताते हुए देशभक्ति गीत 'ए मेरे वतन के लोगों' का प्रस्तुतीकरण किया एवं छात्रों में देशभक्ति के जज्बे को बढ़ाया ! इसके पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।



## कन्या महाविद्यालय में कारगिल दिवस मनाया

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने जानकारी दी कि दिनांक 26.07.2024को कारगिल विजयदिवस मनायागया।

आपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि भारतीय सैनिक मानवीय एवं सामाजिक सरोकारों से उपर शिखर पर है। हम सब यहां व्यापारिक रिश्ते निभा रहे है,लेकिन सैनिक एक पूरा परिवार बन कर रहते है एवं राष्ट्र की सेवा करते है तत्पश्चात् मुख्य अतिथि श्री दशरथजी गुर्जर (पूर्व सैनिक,राजपूत रेजीमेंट) का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। अतिथि परिचय प्राध्यापक डा.सुधीर रायजादा ने कराया। आपने बताया कि श्री गुर्जर ने 16वर्षो तक भारतीय सेना में अपनी सेवायें दी। जिसमें 12वर्षोतक आप जम्मू कश्मीर में तैनात रहें आप अपनी रेजीमेंट 22 घातक कमान्डों की टीम का सदस्य भी रहे। साथ ही आपने करगिल युद्ध में अपने शोर्य का परिचय भी दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पाटीदार ने अपने उद्बोधन में बताया कि देश के सैनिक जब सीमा पर जाते हैं तब हम चैन की नींद सो पाते है। आपने करगिल युद्ध केदौरान मेजर योगेन्द्र यादव की वीर गाथा के बारे में बताया कि किस तरह 18 गोलियां लगने के बाद भी मेजर यादव ने टाइगर हिल्स पर तिरंगा लहराया। मुख्य वक्ता श्री गुर्जर ने बताया कि किस प्रकार करगिल युद्ध के हालात पैदा हुए। हर वर्ष ठण्ड में भारतीय सेना बर्फिली चोटियो पर स्थित अपनी पोस्टों से अपने निचले बेसकेम्प पर आ जाती है। इसी का फायदा उठाते हुए पाकिस्तानी सेना ने भारतीय पोस्टों पर कब्जा कर लिया। उनको खदेड़ने के लिए मई 1999 में आपरेशन विजय के तहत करगिल युद्ध हुआ एवं भारतीय सेना ने विपरित परिस्थिति में अपने शोर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए 26 जुलाई 1999 को अपनी सभी पोस्टों पर तिरंगा लहराकर जीत प्राप्त करी। अपने अनुभवों को सुनाते हुए श्री गुर्जर कई बार अपने साथियों को याद करते हुए भावुक भी हुए। आपने सैनिक एवं नागरिकों को जोड़ते हुए कहा कि यदि सैनिक सौ प्रतिशत अपनी सेवा देता है तो वह देश के नागरिकों से यह अपेक्षा करता है कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे। कार्यक्रम के अंत में मौन रखकर करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डा.अनुराग आर्य ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ ,एव छात्राएँ उपस्थित रही।

## लाइब्रेरी प्रोफेशनल एसोसिएशन की कार्यकारणी की घोषणा

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** लाइब्रेरी प्रोफेशनल एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा अपनी कार्यकारिणी की घोषणा 25 जुलाई 2024 को सचिव मुकेश बाबू की अनुशंसा पर एवं अध्यक्ष अभिषेक सिंह राजपूत की अनुमति से की गई जिसमे संदीप सिंह चौहान (उपाध्यक्ष), शोखी गुप्ता (उपाध्यक्ष), प्रभात वार्ष्णेय (उपाध्यक्ष), कपिल कुमार (कोषाध्यक्ष), अशोक सिंह (समन्वयक/ महासचिव), पंकज सोनी ( मीडिया प्रभारी/ महासचिव), आरती पाल (सहसचिव), शुभम साहू (महासचिव), ओमवती शर्मा (महासचिव), हिरदेश लोहिया (सहमीडिया प्रभारी) के पद पर नियुक्ति दी गई। साथ ही एसोसिएशन की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे सभी सदस्यों ने आगामी योजना के साथ मध्यप्रदेश में पुस्तकालय अधिनियम को लागू करवाने के लिए किस दिशा में प्रयास किया जाए एवं मध्यप्रदेश में शासकीय विद्यालय, आईटीआई महाविद्यालय / पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में पुस्तकालय की भर्ती से संबंधी चर्चा भी की गई, और आगामी कार्यक्रम की योजना बनाई गई।

## जल गुणवत्ता परीक्षण व क्लोरिनेशन अभियान अंतर्गत महिलाओं ने सीखें पानी की जांच के तरीके

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वर्षाकाल में पानी में रासायनिक परिवर्तन होने से जलजनित बीमारियों के होने का अंदेशा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए पेयजल व स्वच्छता की जनजागरूकता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल गुणवत्ता परिक्षण एवं क्लोरिनेशन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गरोठ विकासखंड के ग्राम जमुनीया में इस किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परिक्षण करने का प्रशिक्षण विभाग कर्मचारियों द्वारा दिया जा रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप कुमार गोगादे के निर्देशन में जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित पेयजल स्त्रोतो का क्लोरिनेशन करने एवं जल स्त्रोतो से प्राप्त पानी का फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परिक्षण करने का प्रशिक्षण विभाग के मैदानी अमले द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। इस वाटर टेस्टिंग किट से पानी के 10 प्रकार के टेस्ट पी एच, टर्बीडिटी, हार्डनेस, क्लोराइड, अल्केनीटी, फ्री क्लोरिन, आयरन, नाइट्रेट, फ्लोराइड व अमोनिया का टेस्ट आसान विधियों से कलर पहचानकर



किया जाता है। टेस्ट किट में उपलब्ध केमिकल से 100 बार पानी के सेम्पल की जाँच की जाती है। यह किट को विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत व हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों को प्रतिवर्ष नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। जिससे की ग्रामवासी अपनी पंचायत, ग्राम की चौपाल, स्कूल, आंगनवाड़ी में ही बैठकर पेयजल स्त्रोतो से प्राप्त पानी की जाँच कर सके।



## नप अध्यक्ष व सीएमओ द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व कम्पोस्ट प्लांट का किया निरीक्षण

**गरोठ, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आज दिनांक 26.07.2024 को न. प. गरोठ अध्यक्ष श्री राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष श्री महेश मालवीय , सभी पार्षद गण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री वीरेंद्र कुमार मेहता द्वारा बोलिया रोड पर स्थित निकाय के ट्रेन्चिंग ग्राउंड पर संचालित सूखा कचरा पृथकीकरण प्लांट व कम्पोस्ट (जैविक खाद) प्लांट का निरीक्षण किया एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगर से घर-घर से कचरा लेकर कचरा गाड़ी द्वारा प्लांट पर खाली किया जाता है। एवं प्राप्त सूखे कचरे (पॉलीथिन, प्लास्टिक, जूते-चप्पल, कपड़ा, गत्ता-पुष्टा, , काँच, रद्दी-कागज़ आदि) का 100% पृथकीकरण किया जाकर कबाड़ी वाले को बेचा जा रहा है। जिससे निकाय की लगातार आय भी हो रही है। और गीले कचरे(सब्जी, पत्ते आदि) को खाद बनाने हेतु कम्पोस्ट पिट में डाला जा रहा है, जैविक खाद को जल्द ही ब्रांडिंग कर प्लांट से बेचा जाएगा। इस अवसर पर श्री अर्जुन बागरी पार्षद, श्री राजू मगर पार्षद, श्री धर्मेंद्र शर्मा पार्षद प्रतिनिधि, श्री रविन्द्र पूरी पार्षद प्रतिनिधि, राहुल गणावा उपयंत्री नगर परिषद गरोठ एवं निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगेगी कचरा सेगरिकेशन मशीन, सीवरेज लाइन के टेंडर-डॉ. सीमा तिवारी

### मनासा नप में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ कार्यशाला सम्पन्न, सफाई मित्रों का किया सम्मान

**मनासा, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा सेगरिकेशन मशीन लगेगी। सीवरेज लाइन के लिए भी नगर परिषद जल्द टेंडर जारी करने वाली है। आज नगर चेन की सांस ले रहा है तो इसकी मुख्य कड़ी सफाई मित्र है। आप सभी ने



नगर को साफ सुथरा रखा और मनासा नगर के नागरिकों ने सिटीजन सर्वे में नगर की साफ सफाई को सराहा। इसी में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में सिटीजन सर्वे में मनासा नगर परिषद ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया और हमे मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान मिला। आप सभी स्वच्छता मित्रो को बधाई दी। आज इसी के लिए आप सभी का सम्मान किया जा रहा है।

यह बात नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने कही। वह नगर परिषद मनासा सभाकक्ष में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान अंर्तगत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सफाई मित्रो एवं स्वच्छता हीरो का सम्मान किया। नगर के 15 वार्डो से हर वार्ड से एक महिला एवं एक पुरुष सफाई मित्र को शिल्ड ओर प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर ने कहा स्वच्छता मित्र हमेशा सफाई किट जैकेट, ग्लब्स, व गम बूट पहनकर ही नाले में उतरे। संसाधन की कोई कमी नही है। परिषद पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करा रही है। नगर परिषद उपाध्यक्ष किशोर जोलानीया, स्वच्छता सभापति राजू माली,पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र मारू, पार्षद प्रवीण जोनवाल, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर, बाबूलाल कुशवाह, दशरथ खटवा, सचिन राठौर आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर रवीश कादरी ने किया और आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरदास सेनानी ने किया। नगर परिषद में इस अवसर पर हर वार्ड से एक महिला एक पुरुष इस तरह करीब 30 सफाई मित्रो का सम्मान किया। वही परिषद ने नगर में 24 घण्टे स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे स्वच्छता हीरो को शिल्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले के छात्रावासों में पौधारोपण सम्पन्न

**नीमच, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत आदिम जाति कल्याण विभाग नीमच व्दारा जिले में संचालित सभी छात्रावासों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जंनसिह चौहान, कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शुक्रवार को शासकीय सीनियर कन्या छात्रावास नीमच के परिसर में छात्राओं के साथ पौधारोपण किया। छात्रावास परिसर में पचास से अधिक पौधे लगाए गए। इस मौके पर एसडीएम डॉ.ममता खेडे, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, जिला संयोजक श्री राकेश कुमार राठौर व अन्यक अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थी। प्रारंभ में अधीक्षिका जिला संयोजक श्री राठौर व छात्राओं ने अतिथियों का स्वा गत किया

**छात्रावास का निरीक्षण**-जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्ज़वनसिह चौहान, कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शुक्रवार को शासकीय सीनीयर कन्या छात्रावास नीमच का निरीक्षण किया और छात्राओं से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। जिला पंचायत अध्ययक्ष एवं कलेक्टर ने छात्रावास के विभिन्न कक्षों में जाकर छात्राओं की आवासीय व्यवस्था, स्वीकृत सीट, निवासरत छात्राओं की संख्या आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्राओं के लिए ऑनलाईन कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराने के निर्देश अधीक्षक को दिए।

## कारगिल विजय दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरदार लोह पुरुष वल्लभभाई पटेल क्रमांक 2 स्कूल मंदसौर में कारगिर विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सैनिकों की सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए मोमबत्ती लगाकर छात्र सैनिकों द्वारा सैल्यूट करते हुए श्रद्धांजलि प्रदान की गई। 21 एमपी बटालियन के सूबेदार श्री निजाम साहब ने बताया कि इस युद्ध के दौरान 2 लाख सैनिक ने इस ऑपरेशन में भाग लिया तथा 527 सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के छात्र सैनिकों द्वारा मोमबत्ती लगाकर श्रद्धा सुमन शहीदों को अर्पित किये गए। आभार प्रदर्शन एनसीसी अधिकारी श्री हरीश परिहार ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन एनसीसी जिला संयोजक श्री विजय सिंह पुरावत ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. क्षितिज पुरोहित, 21 एमपी बटालियन के सूबेदार मेजर जयपाल सिंह, श्री निजामउद्दीन कमान अधिकारी 21 एमपी बटालियन एनसीसी रतलाम एवं एनसीसी के छात्र उपस्थित थे।

## श्रीमती प्रेम कुंवर चन्द्रावत की देह पंच तत्व में विलीन

**जावरा, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नरेन्द्र सिंह चंद्रावत ठि.लसुडिया नाथी जावरा एवं बैंककर्मी नेता ठाकुर भानुप्रतापसिंह चन्द्रावत मंदसौर के अनुज स्वर्गीय ठाकुर सुरेन्द्रसिंह चन्द्रावत की धर्मपत्नी एवम कुंवर जितेन्द्रसिंह चन्द्रावत,कुंवर शैलेंद्रसिंह चन्द्रावत, जिला कांग्रेस महामंत्री बबीतासिंह (चन्द्रावत) तोमर,कुंवर दीपेंद्र सिंह चंद्रावत,कुंवर धर्मेंद्र सिंह चंद्रावत की काकी साहब ,कुंवर नाहर सिंह की मम्मी होकम श्रीमती प्रेम कुंवर जी चन्द्रावत का स्वर्गवास दिनांक25/7/24 को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार दिनांक 26/7/24 को उनके गांव ठिकाना लसुड़िया नाथी जावरा में किया गया। वह मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर की काकी सास थी। बड़ी संख्या में परिजनों,स्नेहीजनों ने नम आंखों से उन्हे अंतिम बिदाई दी। उनके पुत्र कुंवर नाहरसिंह चन्द्रावत ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में भाजपा नेता ठाकुर के के सिंह कालूखेड़ा,ठाकुर राजेंद्रसिंह चन्द्रावत, मंदसौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, समाजसेवी नारायण सिंह चन्द्रावत, सरपंच गट्टूसिंह चिकलाना, लोकेंद्रसिंह चन्द्रावत, जयदेवसिंह, मनुदेव सिंह चन्द्रावत, प्रबल प्रतापसिंह चन्द्रावत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## सरस्वती विद्या मंदिर में गूंजी कारगिल विजय दिवस की गूंज

**नारायणगढ़, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा मार्गदर्शित सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा से संबंजूझध एवं संस्कृति विकास शिक्षण समिति नारायणगढ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय नारायणगढ में वीर योद्धा भारतीय सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम से कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि श्री सुरेंद्र सिंह जी सेना नायक वर्तमान पोस्टिंग जोधपुर मुख्य वक्ता श्री दिनेश कुमार जी यादव भूतपूर्व सैनिक, विशेष अतिथि श्री राहुल जी पाटीदार व्यवस्थापक, संस्कृति विकास शिक्षण समिति नारायणगढ अध्यक्षता श्री बलदेव सिंह जी चौहान अध्यक्ष,



संस्कृति विकास शिक्षण समिति नारायणगढ रहें कार्यक्रम में श्री विनीत जी मूंदड़ा (कोषाध्यक्ष, संस्कृति विकास शिक्षण समिति नारायणगढ ) ,श्री अंतिम जी वर्मा (प्रधानाचार्य नारायणगढ) भी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता श्री दिनेश कुमार जी ने बताया कि आज का दिन हमारे लिए प्रसन्नता एवं पराक्रम के साथ-साथ उन वीर शहीदों के स्मरण का भी दिन है जिन्होंने कारगिल युद्ध पर विजय प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाई। भैया बहिनों की प्रस्तुति के पश्चात भूतपूर्व सैनिक एवं सेनानायक का सम्मान किया गया संचालन श्री कारूलाल जी तांतिया (आचार्य) स्वागत श्री धुराराज जी इंदौरा एवं श्री आशीष जी प्रजापति (आचार्य) द्वारा किया गया । साथ ही विद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## पौधारोपण कर पर्यावरण का दिया संदेश

**नाहरगढ़, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ दूधेश्वर कमल गौशाला परिसर में शुक्रवार को पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण का संदेश दिया। गौशाला उपस्थित जन और से पर्यावरण का संदेश देते जागरूकता का संदेश दिया, और सभी आग्रह किया एक पौधा अवश्य लगाय. इस अवसर पर श्री परमानंद सोनी,



श्रीमती सरोज सोनी,सेवानिवृत्ति सैनिक श्री शंभू गिरी गोस्वामी, श्री धर्मेंद्र सोनी,श्री अरुण भटनागर, सहित नगर के आमजन उपस्थित थे।

## वर्षा का महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में चयन

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारत की नंबर 1 महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में मंदसौर की हॉकी खिलाड़ी वर्षा गोराना का चयन यह जानकारी जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने दी उन्होंने बताया कि अब वर्षा पर समस्त खर्चा वहन मध्य प्रदेश सरकार करेगी जैसे उसके रहने खाने, पढ़ाई और खेल पर इसके पीछे सरकार की मंशा है कि उन्हें अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनाया जा सके वर्षा ने हॉकी की शुरुआत डेक्सटर विद्यालय से



ओमप्रकाश सर के मार्गदर्शन में की यहीं से इसके बाद मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हॉकी फीडर केंद्र व केंद्र सरकार द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर मंदसौर की नियमित सदस्य रही व यहीं से राज्य स्तरीय की प्रतियोगिताओं में शिरकत की इस अवसर पर डेक्सटर विद्यालय मैनेजमेंट द्वारा वर्षा को फेयरवेल वह गिफ्ट दिया गया। इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, अजहर खान, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज़्ज़ाक, सीनियर खिलाड़ी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी हॉकी मंदसौर के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कनौजिया ने दी।

दिनांक 27 जुलाई 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



*जन्म कुंडली के सप्तम भाव में बुधादित्य(सूर्य +बुध) योग बनने से वैवाहिक जीवन में सामान्य दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है तथा प्रेम संबंधों में अस्थिरता देखने को मिलती हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## कार्यालय नगर परिषद नगरी, जिला मंदसौर (म.प्र.)

Office phone & Fax No. 07422-266033, Email-cmonagri@mpurban.gov.in

क्रमांक-1297/राजस्व/2024

नगरी, दिनांक-26.07.2024

### ************ नामांतरण विज्ञप्ति ************

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150/151 के अंतर्गत निम्न सूची अनुसार नगरीय/क्षेत्र की अंचल सम्पत्तियों/भवन/दुकान/प्लांटों के क्रेताओं/खरीददारों के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत हुए है। अत: जिस किसी को भी निम्नांकित नामांतरण किए जाने हेतु किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस (पंद्रह दिवस) की समयावधि में लिखित में ठोस प्रमाण के साथ इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा बाद अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति श्रवण योग्य नहीं होकर मान्य नहीं की जावेगी एवं प्राप्त आवेदन पत्रों पर आगामी कार्यवाही की जावेगी।**

| क्रं. | प्रकरण क्रमांक | मोहल्ले का नाम | भवन/भुखण्ड/अनु.क्रमांक | विक्रेता का नाम/हस्तांतरितकर्ता | क्रेता का नाम/हस्ताक्षरकर्ता | नामा. आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 49/2023-24 | 05 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं.2757/17/2 | नवीन दर्ज होगा | संगीता पति जगदीश खारोल | डायवर्शन व खसरा |
| 2 | 50/2023-24 | 07 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं.2076/2/1 (एस) रकबा 0.120 का वर्गफीट 1291 | नवीन दर्ज होगा | मो. उमर पिता अब्दुल कसाई | डायवर्शन व खसरा |
| 3 | 01/2024-25 | 11 नगरी | भवन में से वर्गफीट 2543.6 | रामनारायण पिता मोडीराम | बालूराम पिता रामनारायण | वंशानुक्रम व शपथ पत्र |
| 4 | 02/2024-25 | 09 नगरी | भवन क्रमांक 429/63 वर्गफीट | मुकेश पिता भेरुलाल | सोहनबाई पति मुकेश | रजिस्ट्री |
| 5 | 03/2024-25 | 13 नगरी | भूखण्ड क्रं.105/1/121 वर्गफीट 419.37 | गोपाल पिता नंदलाल प्रजापत | राधाबाई पति नंदलाल व जगदीश | रजिस्ट्री |
| 6 | 04/2024-25 | 12 नगरी | भूखण्ड क्रमांक 186/66 | दिनेश पिता यशवंत | घनश्याम पिता बालूराम | रजिस्ट्री |
| 7 | 05/2024-25 | 05 नगरी | भवन क्रमांक 85 में से वर्गफीट 1080 | अनुसूईया पति ओमप्रकाश, चंद्रकला पति शिवकुमार | ललिताबाई पिता हरिनारायण | रजिस्ट्री |
| 8 | 06/2024-25 | 05 नगरी | भवन क्रमांक 183 में से वर्गफीट | जसोदाबाई पति बाबुलाल | दीपक पिता बाबूलाल | रजिस्ट्री |
| 9 | 07/2024-25 | 06 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं. 2541/1/5 (एस) रकबा 0.0100 का वर्गफीट | नवीन दर्ज होगा | शारदाबाई पति अशोक | डायवर्शन व खसरा |
| 10 | 08/2024-25 | 05 नगरी | भवन का वर्गफीट 465 | बालाराम पिता रामनारायण | सज्जनबाई पति बालाराम टेलर | वंशानुक्रम व शपथ पत्र |
| 11 | 09/2024-25 | 08 नगरी | भवन क्रमांक 64 का वर्गफीट 841.6 | शोभागमल पिता डाडमचंद जैन | दिनेश व रणजीत पिता बालूराम धाकड़ | रजिस्ट्री |
| 12 | 10/2024-25 | 01 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं. 602/2 (एस) रकबा 0.0170 का वर्गफीट | नवीन दर्ज होगा | देवेन्द्र पिता दुर्गालाल | डायवर्शन व खसरा |
| 13 | 11/2024-25 | 15 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं. 1825/1 का | धारणाधिकार पट्टा एसडीएम | दिलीप पिता लिम्बाराम | धारणधिकार पट्टा |
| 14 | 12/2024-25 | 10 नगरी | भवन क्रमांक 467/1 | मदनलालपिता सागरमल झेलावत | कोमलबाई पति मदनलाल झेलावत | वंशानुक्रम व शपथ पत्र |
| 15 | 13/2024-25 | 05 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं.1160/2/2 (एस) रकबा 0.002 व वर्गफीट 205 | नवीन/राजेश व अम्बिका पिता रामचंद | हरिराम पिता ओंकारलाल राठौर | रजिस्ट्री व डायवर्शन |
| 16 | 15/2024-25 | 03 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं. 819/8 (एस) रकबा 0.0210 वर्गफीट 2260 | नवीन दर्ज होगा | बालाराम-रामरतन | डायवर्शन व खसरा |
| 17 | 16/2024-25 | 08 नगरी | भूखण्ड क्रमांक 366/2 का | इंदिराबाई जैन | सत्यनारायण पिता बसंतीलाल | रजिस्ट्री |
| 19 | 17/2024-25 | 15 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं. 2122 का | धारणाधिकार पट्टा एसडीएम | सिकन्दर मेव पिता लियाकत | धारणधिकार पट्टा |
| 20 | 18/2024-25 | 14 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं. 2033 का | धारणाधिकार पट्टा | राकेश पिता कारुलाल प्रजापत | धारणधिकार पट्टा |
| 21 | 19/2024-25 | 15 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं. 1815 का | धारणाधिकार पट्टा | पूनमचंद-कारुलाल | धारणधिकार पट्टा |
| 22 | 20/2024-25 | 06 नगरी | भूखण्ड सर्वे नं.2536/11/2 (एस) रकबा0.0105 का | नवीन दर्ज होगा | जीवन पिता ईश्वरलाल राठौर | डायवर्शन व खसरा |
| 23 | 21/2024-25 | 12 नगरी | भवन क्रमांक 89/212 का वर्गफीट 504 | अशोककुमार पिता डाडमचंद | अनुसूईयाबाई सुरेश | रजिस्ट्री |
| 24 | 22/2024-25 | 15 नगरी | भूमि सर्वे क्रमांक 1815 में से वर्गफीट864 | धारणाधिकार पट्टा | भूलीबाई पिता देवीलाल | धारणधिकार पट्टा |
| 25 | 23/2024-25 | 12 नगरी | भूमि सर्वे क्रमांक 1815 में से वर्गफीट760 | धारणाधिकार पट्टा | खीमा पिता दुल्ला भील | धारणधिकार पट्टा |
| 26 | 24/2024-25 | 03 नगरी | भवन क्रमांक 82 का वर्गफीट 1200 | शोभागमल पिता डाडमचंद | शकुंतलाबाई पति धरमचंद जैन | रजिस्ट्री |
| 27 | 25/2024-25 | 10 नगरी | भूखण्ड क्रं.64/523 का वर्गफीट 535 | सुरेन्द्रकुमार पिता चांदमल | यश पिता राजेश जैन | रजिस्ट्री |
| 28 | 26/2024-25 | 13 नगरी | भवन क्रमांक 269/1 | नाथुलाल-नानुराम | दुर्गाबाई - बाबूलाल | वंशानुक्रम |
| 29 | 27/2024-25 | 14 नगरी | भूखण्ड सर्वे क्रमांक 2122 का वर्गफीट 2131 | धारणाधिकार नवीन | शब्बीर मोहम्मद पिता खुदा बक्ष | धारणधिकार |
| 30 | 28/2024-25 | 03 नगरी | भूखण्ड सर्वे क्रं.849/1/1/1 का वर्गफीट 2000 | नवीन दर्ज होगा | गोपाल पिता ईश्वरलाल धाकड़ | रजिस्ट्री व डायवर्शन |
| 31 | 29/2024-25 | 03 नगरी | भूखण्ड सर्वे क्रमांक 850 का वर्गफीट 1500 | नवीन दर्ज होगा | पार्वतीबाई पति धरमचंद्र मेहता | रजिस्ट्री व डायवर्शन |
| 32 | 30/2024-25 | 03 नगरी | भवन क्रं. 8/372 का वर्गफीट 6085 | जगन्नाथ पिता रुघनाथ धाकड़ | फकीरचंद व घनश्याम पिता जगन्नाथ धाकड़ | वंशानुक्रम व शपथ पत्र |
| 33 | 31/2024-25 | 11 नगरी | भवन क्रं. 37/40 का वर्गफीट 511.6 | देवराम पिता पुना धाकड़ | मुकेश कुमार पिता देवाराम धाकड़ | वंशानुक्रम व शपथ पत्र |
| 34 | 32/2024-25 | 03 नगरी | भूखण्ड सर्वे क्रं.850/3 (एस) का वर्गफीट 2500 | नवीन दर्ज होगा | वर्दीबाई पति विनोद धाकड़ | रजिस्ट्री व डायवर्शन |

**श्रीमती संगीता घनश्याम बग्गड़**
अध्यक्ष, नगर परिषद नगरी

**धर्मचंद जैन**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद नगरी



# पानी के लिए टोटका : गधों को खिलाए गुलाब जामुन

मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जिले में गुरुवार को एक घंटा अच्छी बारिश हुई। अच्छी बारिश के बाद चन्द्रपूरा में गधों को गुलाब जामुन खिलाकर खुशियां मनाई गई। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रचुर वर्षा के लिए टोटके किए थे। शहर के चंद्रपुरा के लोगों ने मुक्तिधाम में गधों से हल चलवाकर उड़द और नमक की बोवनी कर बारिश के लिए टोटका किया था। मान्यता है कि जब बारिश नहीं होती तब गधों को श्मशान में ले जाकर हल चलवाने से इंद्र देव प्रसन्न होते हैं और प्रचुर बारिश करते हैं। 18 जुलाई को पार्षद प्रतिनिधि और अन्य लोगों ने मिलकर टोटका किया था।अब जिन गधों से श्मशान में बुवाई करने का टोटका किया जाता है। उन्हें गुलाब जामुन खिलाकर खुशियां मनाई जाती है। इसी के चलते चंद्रपुरा के लोगों ने मिलकर दोनों गधों को पांच किलो गुलाब जामुन खिलाए।

# फोरलेन पर अतिक्रमण से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं



दलौदा, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। नगर के मध्य से गुजरने वाले फोरलेन मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है कई लोग काल के गाल में समा गए तो कई लोग घायल हो गए लेकिन प्रशासन और रोड कंपनी का रोड के ब्लेक स्पॉट पर किसी प्रकार का ध्यान नही है नगर के पुलिस थाना के सामने रोड के समीप कुछ फल फ्रूट वाले सडक के किनारे आकर व्यापार कर रहे है व्यापार करे कोई बात नही लेकिन फल फ्रूट व्यवसाय धीरे धीरे कम्पीडिशन के चक्कर में धीरे धीरे आगे बडते बडते रोड की किनारे आ गए जिससे की रोड के साइड में निकलने वाले राहगीरों को दिक्कत होती है सबसे बडी विचित्र बात ये है की जहा पर अतिक्रमण है वहा पर थाने पर जाने के लिए उसी रोड पर होकर जाना पडता है तहसील अगर जाना हो तो वही से होकर गुजरना पडता है और साथ ही उस रोड पर 2 रिसोर्ट है, विद्युत मंडल का कार्यालय है और मिडिल स्कूल भी है पैदल जाने वाले लोगो और छात्र छात्राओं को सडक के किनारे रास्ता नही होने से मेन फोरलेन पर होकर जाना पडता है जिससे की दुर्घटना की आशंका बनी रहती है थाने के सामने पूर्व में भी कई दुर्घटनाए हो चुकी है जिससे की कई लोग काल के गाल में समा गए है। प्रशासन को इस और ध्यान देकर तत्काल अतिक्रमण हटाना चाहिए नही तो कब भी बडा हादसा होने से इंकार नही किया जा सकता है।

**इनका कहना...**

हम उस रोड पर निकलते है तो आने जाने में परेशानी होती है रोड पर जाने से पीछे से गाडी आने का अंदेशा लगा रहता है हमारे सामने परसो ही एक कार और मोटर सायकिल का एक्सीडेंट हुआ अतिक्रमण हटाना चाहिए।।

**राहुल परमार, राहगीर**

आपने बताया है अगर ऐसा है तो में दिखवाता हु तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**निलेश पटेल तहसीलदार दलौदा**

ये सही बात है सडक के किनारे कुछ लोगो द्वारा ठेले लगाए गए है राजस्व से बात करके हटाया जाएगा।

**बलदेव सिंह चौधरी**
**थाना प्रभारी दलौदा**

# प्रतापगढ़ पुलिस ने पकड़ा चोर गिरोह, तेरह बाइक जब्त, मंदसौर से भी की थी बाइक चोरी

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रतापगढ पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। जंगल से चोरी की 13 बाइक का जखीरा जब्त करने के साथ ही एक ओरोपी को गिरफ्तार किया है। चोरी की बाइक वारदातों को लेकर एसपी लक्ष्मणदास ने शहर कोतवाल तेजकरण चारण की मदद से एक विशेष टीम बाइक चोर गिरोह को पकडने के लिए तैयार की थी। सीआई द्वारा तैयार की गई टीम ने शहर में संदिग्ध लोगों पर निगरानी कर एक सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी जयप्रकाश पुत्र परसराम मालवीय निवासी तोपाखेड़ा थाना रठांजना को गिरफ्तार किया। आरोपी ने प्रतापगढ सहित के मंदसौर से भी बाइक चुराना कबुला। आरोपी की निशानदेही पर 13 बाइक बरामद की। शहर कोतवाल तेजकरण चारण ने बताया कि गिरोह ने जल्दी अमीर बनने की चाहत में चोरी करना शुरू कर दिया। गिरफ्तार आरोपी जयप्रकाश महज 30 साल का है, इसके साथ में अन्य भी 25 से 30 साल के ही युवा है। । टीम के एएसआई भरतराज सिंह और उनकी तीन सदस्यीय टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि इन बाइक चोर गिरोह के सदस्य ने अब तक चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। एक लाख की बाइक को 5 से 7 हजार एक रुपए में बेच देते थे। जिले के अन्य और थे। भी युवक इस गिरोह के साथ मिलकर आ चोरी की वारदातों का अंजाम देते है।एक बाइक पर तीनों युवक बैठकर वारदात को अंजाम देने के लिए निकलते थे। सूने पार्किंग स्थलों और मकान के बाहर खड़ी बाइक्स पर नजर रखते थे। आसपास घूमकर निगरानी रखने के बाद मौका मिलते ही डूप्लीकेट चाबी से गाड़ी का लॉक खोलकर स्टार्ट कर ले जाते थे। डुप्लीकेट चाबी से लॉक नहींखुलने की स्थिति में लॉक को तोड़ते थे। बाइक चोरी करने के बाद जंगल में ले जाकर बाइक को छिपा देते थे। बाइक की नंबर प्लेट हटाकर उसे बेच देते थे। गिरोह ने बाइक को चोरी करने के बाद शहर के नन्द मार्ग स्थित नाले के पास जंगल में छिपा कर रख रखा था।

## उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मंदसौर श्री पीसी चैहान सर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग मंदसौर द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल अधिकार एवं संरक्षण विषय पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका सभा कक्ष मंदसौर में किया गया। इस दौरान सभी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, संस्था उडान से कुलदीप सिंह घावरी, बाल कल्याण समिति सदस्य उमराव सिंह जैन एवं अध्यक्ष श्री शंकर जी डोडिया, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## गांधी सागर बैक वाटर में डूबने से युवक की मौत

**नीमच, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बारवडिया के गांव अमेढ स्थित गांधी सागर डैम के बैक वॉटर में डूबने से युवक की मौत हो गई। युवक 23 जुलाई को ही वेस्ट बंगाल से खिमला प्लांट में मजदूरी करने के लिए आया था। अभी उसके की कंपनी में काम करना शुरू नहीं किया। वह आकर अपने भाई के साथ रुका था।

बताया जा रहा है कि बुधवार शाम को वह खाना खा कर बाहर निकला था। जब वह काफी देर तक नहीं वापस लौटा तो सभी ने उसकी तलाश शुरू की। हालांकि, दो दिन बाद उसकी लाश गांधीनगर डैम के बैक वाटर में मिली। मृतक युवक सुकरा उरांव पिता बुधवा उरांव (24), पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिला के नगर काटा थाना क्षेत्र के 9 ग्रासमोर खासमारी का रहने वाला था।सूचना पर रामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकाल कर पंचनामा बनाकर रामपुर के शासकीय चिकित्सालय भेजा है। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए वेस्ट बंगाल स्थित गांव ले जाया जाएगा।

# अब 3 नहीं, 4 साल की होगी ग्रेजुएशन, शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

**भोपाल, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नेशनल एजुकेशन पॉलिसी एनइपी लागू होने के तीन साल पूर्ण होने पर ग्रेजुएशन के तीन वर्षीय पाठ्यक्रम को 4 साल का कर दिया गया है। अंतिम वर्ष को ऑनर्स विथ रिसर्च का दर्जा दिया है। इसमें प्रवेश के लिए स्टूडेंटस को 7.5 सीजीपीए कम्युलेटिव ग्रेड प्वॉइंट एवरेज लाना अनिवार्य है।इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों को निर्देश जारी किए हैं। 15 दिन में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए कहा गया है। यह बदलाव स्टूडेंटस की रुचि और अनुसंधानात्मक गतिविधियों को लेकर किया गया है।

**विद्यार्थियों के पास दो विकल्प–** चार साल की पढ़ाई के लिए स्टूडेंटस को ऑनर्स और ऑनर्स विद रिसर्च के दो विकल्प दिए गए हैं। ऑनर्स कोर्स के तहत स्टूडेंटस को अपनी पसंद के विषय का गहन अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। जबकि ऑनर्स विद रिसर्च के तहत वे अपने विषय में शोध कर सकेंगे। यह कदम उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार और शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। चौथे साल की पढ़ाई से स्टूडेंटस को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

**120 क्रेडिट अंक अनिवार्य–** स्नातक चतुर्थ वर्ष ऑनर्स में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंटस को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक तृतीय वर्ष में 120 क्रेडिट अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। जबकि स्नातक ऑनर्स विथ रिसर्च में प्रवेश के लिए 7.5 सीजीपीए लाना होगा। ऐसे छात्रों को संबंधित कॉलेज में प्रवेश दिया जाएगा। जहां ऑनर्स विथ रिसर्च की सुविधा नहीं होगी, उनके छात्रों को दूसरे कॉलेज में प्रवेश दिया जाएगा।

**15 दिन की मोहलत–** सभी शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों को अगले 15 दिनों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने कहा है। स्टूडेंटस को एमपी ऑनलाइन से प्रवेश नवीनीकरण करना होगा। स्टूडेंटस से ऑप्शन लेने के साथ ही उनकी प्रवेश की प्रक्रिया भी कॉलेजों को अपने स्तर करनी होगी। स्नातक चतुर्थ वर्ष ऑनर्स विथ रिसर्च पाठ्यक्रम का संचालन उन्हीं कॉलेजों में होगा, जिनमें कम से कम दो नियमित शिक्षक शोध निदेशक के रूप में पंजीकृत होंगे। साथ ही संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त शोध केन्द्र संचालित किए जा रहे हों।

# भाजपा के दिग्गज नेता प्रभात झा का निधन, मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली, 26 जुलाई।** भाजपा के दिग्गज नेता प्रभात झा का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। 67 साल की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और दिल्ली के मेदांता में उनका इलाज चल रहा था। कुछ दिन पहले ही उन्हें भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रभात झा ने शुक्रवार को दिल्ली के मेंदाता अस्पताल में अंतिम सांस ली। भाजपा प्रवक्ता हितेश वाजपेयी ने उनके निधन की पुष्टिकी है। कुछ दिन पहले ही भोपाल के निजी अस्पताल में उनकी तबीयत बिगड़ जाने के बाद भर्ती कराया गया था, तब उन्हें दिल्ली एयरलिफ्ट किया गया था। एयरलिफ्ट करने से पहले उनका हालचाल जानने के लिए शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पहुंचे थे। प्रभात झा के निधन से मध्यप्रदेश भाजपा में शोक की लहर दौड़ गई।



प्रभात झा मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। उनका जन्म 4 जून 1957 को बिहार के दरभंगा के हरिहरपुर गांव में हुआ था। वे परिवार के साथ मध्यप्रदेश के ग्वालियर आ गए थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा यहीं हुई। प्रभात झा ने ग्वालियर के पीजीवी कॉलेज से बी एससी, माधव कॉलेज से राजनीति शास्त्र में एमए और एमएलबी कॉलेज से एल एलबी की। प्रभात झा की शादी रंजना झा से हुई थी। उनके दो बेटे हैं। एक का नाम तुष्मुल झा है। शादी के बाद वे पत्रकारिता करने लगे। वे लंबे समय तक पत्रकारिता के बाद वे राजनीति में आए और बीजेपी के सदस्य बने। प्रभात झा बीजेपी के मुखपत्र 'कमल संदेश' के संपादक रहे। उन्होंने कई किताबें भी लिखी।

# एमपी के सरकारी स्कूलों में 7 अगस्त तक 70 हजार अतिथि शिक्षकों की होगी नियुक्ति

**भोपाल, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के करीब 70 हजार से अधिक खाली पद हैं। इसके अलावा हाल में शिक्षकों के उच्च पद प्रभार व स्थानांतरण के कारण खाली पदों की संख्या और भी बढ़ गई है। इन खाली पदों पर अतिथि शिक्षक रखे जाएंगे। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने आदेश जारी कर दिए गए हैं। अतिथि शिक्षकों की एक अगस्त से प्रक्रिया शुरू होगी। आठ अगस्त तक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।**

**30 जुलाई तक स्कूलों में रिक्त पदों की सूची होगी प्रदर्शित–** बता दें, कि 30 अप्रैल के बाद अतिथि शिक्षकों को स्कूल से कार्यमुक्त कर दिया गया था। स्कूलों में तीनों वर्गों के शिक्षकों के 70 हजार खाली पदों पर अतिथि शिक्षक रखे जाएंगे। डीपीआई ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि 30 जुलाई तक स्कूलों में रिक्त पदों की सूची को प्रदर्शित करें।

**पहले रखे जाएंगे पिछले सत्र के अतिथि शिक्षक–** डीपीआई ने निर्देशित किया है कि पिछले सत्र 2023-24 में स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को पहले ज्वाइनिंग की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद शेष रिक्त पदों पर स्कोर कार्ड के आधार पर मेरिट क्रम में स्कूल विकल्प चयन के बाद नए अतिथि शिक्षक रखे जाएंगे। इनके मानदेय का भुगतान हर महीने के सात तारीख को कर दिया जाएगा।

**पोर्टल पर 30 तक रिक्तियां प्रदर्शित होंगी–** प्रदेश के स्कूलों में अतिथि शिक्षकों को रखने के लिए रिक्तियों को जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा। पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्ति के अलावा अतिथि शिक्षक स्कूल में नहीं रखा जाएगा। अतिथि शिक्षकों को सात अगस्त तक ज्वाइनिंग करनी होगी। शिक्षक निर्धारित समय अवधि तक उपस्थित नहीं होंगे तो उनकी ज्वाइनिंग अपने आप निरस्त हो जाएगी। इसके बाद आवेदक को शेष रिक्तियों के लिए होने वाली नई प्रक्रिया में भाग लेना होगा। इसके बाद अतिथि शिक्षकों के लिए पोर्टल पर ज्वाइनिंग दर्ज करना और शाला प्रभारी से प्राप्त सत्यापित ज्वाइनिंग पत्रक की फोटो कॉपी पोर्टल पर अपलोड एक से सात अगस्त तक करनी होगी। स्कूल प्राचार्य द्वारा ज्वाइन किए गए अतिथि शिक्षक का वेरिफिकेशन भी इसी समय तक किया जाएगा।

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने श्री प्रभात झा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नीमच, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने श्री प्रभात झा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने श्री झा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है और दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है। उप-मुख्यमंत्री श्री देवड़ा मेदांता हॉस्पिटल गुरूग्राम पहुँचे। और उनके परिजन को ढाढ़स बँधाया। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री प्रभात झा का निधन राजनीतिक जगत के लिये अपूरणीय क्षति हैं। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा, कि वरिष्ठ राजनीतिज्ञ, मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सदस्य, पत्रकार और विचारक श्री झा का वृहद सामाजिक और राजनीतिक जीवन हम सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा।

## अच्छी वर्षा के लिए सवा दो लाख... पेज 1 से जारी

सम्मिलित हुए। आगे–आगे सिंधी समाज द्वारा जल के देवता भगवान झूलेलाल जी की ज्योत बहराना साहब का रथ चल रहा था। सभी ने ज्योत के दर्शन किए। यहां से नेहरू बस स्टैंड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर ओर प्रार्थना रैली के मार्ग पर आने वाले सभी धर्मस्थल कालिदास मार्ग स्थित श्री भैरवनाथ मंदिर, शुक्ला चौक में वरुण देव मंदिर, नाहर सिंह माताजी का मंदिर, नया जैन मंदिर, शीतला माता मंदिर, नरसिंह मंदिर, श्री द्विमुखी चिंता हरण गणपति मंदिर, माहेश्वरी समाज के श्री चारभुजा नाथ मंदिर, धान मंडी स्थित भैरवनाथ मंदिर, और शिव मंदिर सिख समाज के गुरुद्वारा से होकर प्रार्थना रैली पशुपतिनाथ मंदिर संपन्न हुई। इन सभी धर्मस्थलों पर प्रार्थना रैली में शामिल महानुभावों ने दर्शन किए नारियल अर्पित कर प्रार्थना की कि मानसून सत्र में नगर और अंचल में प्रचुर वर्षा हो और एक दिन पूर्व 25 जुलाई को नगर में हुई भारी वर्षा के लिए इंद्रदेव के प्रति आभार के भाव भी प्रकट किए गए। पशुपतिनाथजी मंदिर परिसर में प्रार्थना रैली में शामिल सभी धर्मालुजनों ने गर्भ गृह में भगवान पशुपतिनाथ से सामूहिक रूप से अच्छी वर्षा के लिए नम: शिवाय का उच्चारण करते हुए प्रार्थना की। संचालन ब्रजेश जोशी ने किया तथा आभार नरेन्द्र अग्रवाल ने माना।

## मृतका के पास पति का आया था... पेज 1 से जारी

के पति को भी सोशल मीडिया के माध्यम से व किसी के बतारे पर मालूम हुआ कि उसकी पत्नी का मर्डर हो गया है। पुलिस ने उससे पूछताछ की। बताया कि 23 जुलाई को उसकी पत्नी सुबह 11 बजे मंदसौर जाने का कह कर गई थी। शाम तक नहीं आने पर 07.30 बजे मैंने अपनी पत्नी को फोन कर पूछा। पत्नी ने बताया कि वह दलौदा है और उसके साथ मोहल्ले में रहने वाला श्यामलाल सूर्यवंशी है। इसके बाद पति रात में इंतजार कर सो गया। सुबह पत्नी को कॉल किया तो उसका मोबाईल बंद था। उसे लगा कि पत्नी अपनी बेटी के यहां गई होगी।

**5 वर्ष पूर्व हुई पिता की मृत्यु, शंका में लिया बदला–** ग्राम धमनार में ही मृतिका के पड़ोस में रहने वाले श्यामलाल सूर्यवंशी की मौत 5 साल पहले शराब पीने से हो गई थी। मृतक के बेटे कुलदीप को लगता था कि मृतिका ने उसके पिता को शराब में कुछ मिलाकर पिलाया था। इससे उसके पिता की मौत हुई।तभी से वह मृतका गट्टूबाई से बदला लेना चाहता था। धीरे-धीरे उसने मृतका से दोस्ती की और घटना वाले दिन 23 जुलाई की रात मृतका को अपनी बाइक पर बैठाकर आक्या उमाहेड़ा ले गया। यहां बेल्ट से उसने गट्टूबाई का गला घोंटकर हत्या कर दी और घर चला गया। पुलिस ने आरोपी के बताए स्थान से मृतिका का मोबाइल बरामद किया है। वारदात के समय उपयोग में ली गई बाइक भी बरामद की है।

## मेवाड़ा सेन समाज पंचायत से भजन कीर्तन कर मनाई सामूहिक उजमनी

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित अंचल में अच्छी बारिश को लेकर मंदसौर नगर के नागरिकों के साथ-साथ मेवाड़ा सेन समाज पंचायत श्री सत्यनारायण श्री बालाजी मंदिर खानपुरा परिवार ने भी अपना व्यापार-व्यवसाय बंद रखकर शुक्रवार को भजन कीर्तन कर सामूहिक उजमनी मनाईव भगवान से अच्छी बारिश की कामना की। इस दौरान समाजजनों ने मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

प्रात: से ही उजमनी को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह था। गांधी चौराहा से निकली प्रभात फेरी मंन समाजजन सम्मिलित हुए। तत्पश्चात् खानपुरा स्थित श्री सत्यनारायणजी की बगीची में मातृशक्ति द्वारा भगवान के भजन कीर्तन किये। उसके बाद महाआरती का कच्चा भोजन दाल बाटी चूरमा बनाकर भगवान को भोग लगाया। तत्पश्चात् समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर समाजजनों को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठ नंदकिशोर राठौर ने कहा कि इस मानसून सत्र में मंदसौर में अच्छी बारिश नहीं होने से सेन समाज सहित पूरे नगरवासी चिंतित है। गुरूवार की शाम को बारिश तो हुई लेकिन उससे पानी की कमी पूर्ण नहीं हुई। गत वर्ष से हम बारिश के मामले में काफी पिछड़े हुए हैं ऐसे में पुरानी परम्परा के अनुसार उजमनी मनाकर भगवान इन्द्रदेव को प्रसन्न करने का कार्य सभी समाजजनों ने किया है। समाज अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया ने कहा कि छोटे से आव्हान पर समाज का एकजूट होकर सभी के हित में उजमनी मनाने का कार्य सराहनीय है। समाजजन सहित नगरवासियों की प्रार्थना को इन्द्रदेव अवश्य सुनेंगे और क्षेत्र में झमाझम बारिश होगी। कार्यक्रम का संचालन आदित्यसेन मारोठिया ने किया व आभार महेश परिहार ने माना। उक्त जानकारी विनोद परिहार ने दी।

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू                    मंदसौर, दिनांक 26.07.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एसी 8323 जो कि इस कार्यालय में गोविन्दलाल पिता भेरुलाल निवासी गांव कराड़िया, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 26.12.2023 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का पंजीयन अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती गीताबाई पति गोविन्दलाल निवासी कराड़िया, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

# स्कूल शिक्षा विभाग के कॅरियर पोर्टल पर उपलब्ध है महत्वपूर्ण जानकारियां

**भोपाल, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में स्कूल जाने वाले विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार कॅरियर विकल्पों का चयन करने के लिये कॅरियर पोर्टल तैयार किया है। पोर्टल पर 500 से अधिक कॅरियर संबंधी, 7 हजार 500 से अधिक कॉलेज, 1000 से अधिक प्रवेश परीक्षाएँ और 750 से अधिक छात्रवृत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इससे विद्यार्थी अपनी पसंद का ऑप्शन चुन सकते है। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षिक एवं कॅरियर के विकल्पों के चयन के लिये कॅरियर कांउन्सिलिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसीएस लखनऊ के साथ अनुबंध किया है। इस अनुबंध के आधार पर प्रदेश के समस्त विद्यालयों में कॅरियर कांउन्सिलिंग कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कांउन्सिलिंग एवं गाईडेन्स से संबंधित कौशल विकास के लिये 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित भी किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के लिये प्रत्येक जिले से 2-2 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में चुना गया है और उन्हें आईसीएस पोर्टल और एप के उपयोग संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाया गया है।**

### व्यवसायिक पाठक्रम के वोकेशनल ट्रेनर को प्रशिक्षण

राज्य स्तर पर प्रशिक्षत मास्टर ट्रेनर द्वारा विद्यालय में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम वोकेशनल ट्रेनर को प्रशिक्षण दिलाया गया है। व्यवसायिक शिक्षा के अतंर्गत एम्पलॉयबिलिटी के लिये आवश्यक हॉर्ड-सॉफ्ट स्किल के विकास की जानकारी, आईसीएस कॅरियर जीपीएस मोबाईल एप पर पंजीयन के बाद विद्यार्थियों को उनकी रूचि और एप्टीट्यूट के अनुसार कॅरियर से संबंधित विकल्पों की जानकारी दी गई।

### कल्चर टवीनिंग

शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने आस-पास के स्कूलों के बीच सकारात्मक तालमेल रख सकें। इसके लिये प्रत्येक जिले में 10 चयनित विद्यालयों में कल्चरर टवीनिंग कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों को आस-पास के विद्यालयों की कला, खेल और कॅरियर से संबंधी गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। विद्यार्थियों को संस्कृति, परिवेश, साहित्यिक आयोजन और संवाद जैसे कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है।

## राजस्व महाअभियान अंतर्गत आज इन गांवों मे लगेगा कैम्प

**मंदसौर, 26 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी उपखंड मंदसौर द्वारा बताया गया कि राजस्व महाअभियान (2.0) 31 अगस्त 2024 तक कैम्प आयोजित किये जाएगें।

जिसके अंतर्गत हल्के के ग्रामों में बी-1 वाचन, नक्शे में तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, समग्र आधार से ई केवायसी, खसरा से समग्र आधार से लिकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का सीमांकन, नामातरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, पीएम किसान ई-केवायसी, डीबीटी का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 27 जुलाई को कोचवी, रलायता, मजेठी, बोलखेड़ा, टोड़ी, भूकी, डिगावमाली, मुण्डला एवं भाटपिपल्या में कैम्प आयोजित किये जाएगें।


**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 27 जुलाई को शाम 5 से रात 8 और रविवार 28 जुलाई को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं– ✻ चेहरे के कील–मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क–9424813088


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in